# जून में शुरू होगा लखनऊ का पहला एआई हब डाटा सेंटर

## मुख्य सचिव ने एचसीएल आईटी सिटी परिसर में किया शिलान्यास

लखनऊ। राजधानी का पहला एआई हब डाटा सेंटर जून में चालू हो जाएगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने रविवार को सुल्तानपुर रोड स्थित एचसीएल आईटी सिटी परिसर में डाटा सेंटर का शिलान्यास किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि आईआईटी कानपुर, आईआईएम लखनऊ, आईआईटी बीएचयू और ट्रिपल आईटी इलाहाबाद की मदद से यूपी में एआई ईको सिस्टम विकसित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार लखनऊ में एआई सिटी का निर्माण कर रही है, ताकि यहां एआई के क्षेत्र में सभी संभावनाओं का अधिकतम स्तर पर विकास हो सके।

सिफी इनफाइनाइट स्पेसेज का यह डाटा सेंटर इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। एआई हब डाटा सेंटर चार चरण में तैयार होगा। पहला चरण जून से संचालित होगा। सिफी टेक्नोलॉजीस के चेयरमैन राजू वेगेस्ना ने कहा कि यूपी को नॉर्थ इंडिया में डाटा सेंटर का डेस्टिनेशन बनाने की सरकार की महत्वाकांक्षा को पूरा करने की दिशा में लखनऊ में यह निवेश है। ब्यूरो